SAMAGRA PLUS

# FIRST TERM SAMPLE PRACTICE PAPER

**A**

## STD 9 HINDI

**Time : 1½ Hrs** **Score : 40**

* पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाईम है।
  इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें।
* वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

**सूचना: 'झटपट और नटखट'-कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

झटपट झुंझलाता, पर कुछ कह न पाता। बड़ा था। छोटे का ध्यान तो उसे रखना ही था। लेकिन उसे लगता कि नटखट कुछ ज़्यादा ही नटखट है।

1. झटपट किसपर झुंझलाता था? 1
2. झटपट क्यों कुछ कह न पाता था? 2
3. सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

क) वह + का = उसे    ख) वह + के = उसे

ग) वह + को = उसे    घ) वह + की = उसे

4. **सूचना: नमूने के अनुसार बदलकर लिखें:** 1

| | |
|---|---|
| झटपट शिकायत करता है। | झटपट शिकायत कर रहा है। |
| नटखट जड़ें पकड़कर झूलता है। | ...................................... |

5. मान लें कि झटपट घर पहुँचकर नटखट के संबंध में अपनी माँ से शिकायत करता है। माँ और झटपट के बीच की संभावित **बातचीत** तैयार करें। 4

या

झटपट और नटखट कहानी का यह अंश पढ़कर दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखें।

"कपड़े सूख गए, छोटे!" झटपट ने हाँफते हुए लेकिन खुश होते हुए कहा।
"हाँ, बड़े, वाकई! कपड़े तो सूख गए!" नटखट ने भी खुश होकर कहा।

प्रस्तुत घटना के आधार पर झटपट के एक दिन की **डायरी** तैयार करें।

**सूचना: 'बहुत दिनों के बाद'–कविता का अंश पढ़ें और 6 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बहुत दिनों के बाद
> अबकी मैं जी भर सुन पाया
> धान कूटती किशोरियों की कोकिलकंठी तान
>
> –बहुत दिनों के बाद

6. बहुत दिनों के बाद कवि को नया एहसास क्यों हो रहा है? 2

7. कोकिलकंठी तान से क्या तात्पर्य है? 1

8. कवितांश का आशय लिखें। 4

या

**सूचना: 'घर'–कहानी का यह अंश पढ़कर दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखें।**

> जब वे घर में खेलने लगीं, वे आइने के सामने खड़े होकर मुसकराने लगे। तभी उन्हें आइने में छिपकली दिखी। नए घर में उन दोनों की यह पहली मुलाकात थी।

छिपकली नए घर में रहने लगी। प्रस्तुत प्रसंग पर मित्र के नाम छिपकली का **पत्र** तैयार करें।

9. कोष्ठक से विशेषण शब्द चुनकर लिखें– 1

(तान, फूल, फ़सलें, चंदनवर्णी)

10. निम्नलिखित वाक्यों में से शस्ति की **चार** विशेषताएँ चुनकर लिखें। 4

क. ब्लर्ब या शस्ति किसी पुस्तक, या सिनेमा के प्रचार के लिए लिखे जानेवाले प्रेरक सारांश है।

ख. रचना की तरह पाठक या दर्शक को आकर्षित करता है।

ग. इसमें रचना और रचनाकार से संबंधित विस्तृत विवरण मिलता है।

घ. यह किताब या प्रचारण सामग्री के पिछले आवरण पृष्ठ पर छपा जाता है।

ङ. ब्लर्ब या शस्ति एक सृजनात्मक कार्य है।

च. इसकी भाषा और शैली सामान्य होती है।

**सूचना: 'घर'–कहानी का यह अंश पढ़ें और 11 के से 14 तक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

"सो, अब मेरा इरादा श्रीमान फरहाद के घर में ही बचा–खुचा जीवन गुज़ारने का है। "
छिपकली ने एक ही वाक्य में बातचीत समाप्त करते हुए कहा।
"विचार अच्छा है।" गिरगिट बोला।

11. छिपकली फरहाद के घर में जीवन गुज़ारना क्यों चाहती है? 2

12. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से वाक्य को आगे बढ़ाएँ।

(बातचीत, एक ही वाक्य में) 2

छिपकली ने कहा।
छिपकली ने समाप्त करते हुए कहा।
.................................................
.......................................................

13. 'घर' कहानी में किन जानवरों का उल्लेख हुआ है? 2

14. 'प्रकृति सबका घर है' विषय पर एक **पोस्टर** तैयार करें। 4

**सूचना: फूल कविता का यह अंश पढ़ें और 15 से 20 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

मैंने प्लास्टिक के सारे फूल तोड़ डाले
और फावड़ा लेकर
अपने आँगन की मिट्टी से जूझने लगा
मिट्टी मुसकराई
हवा खिलखिलाई
जल कल-कल-कल-कल गाने लगा।

15. कवि ने प्लास्टिक के सारे फूल क्यों तोड़ डाले? 2

16. 'अपने आँगन के मिट्टी से जूझने लगा' – मिट्टी से जूझना से क्या तात्पर्य होता है? 1

17. संघर्ष करने के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन–सा है? 1

18. यदि कवि के स्थान पर आप होते तो क्या प्रतिक्रिया होती? 2

19. जोड़िए– 4

| | |
|---|---|
| तितली को | रस चाहिए। |
| मधुमक्खी को | फूलों की पहचान के लिए फूल चाहिए |
| पत्नी को | कोमल स्पर्श चाहिए। |
| बच्चे को | वेणी के लिए फूल चाहिए। |

20. "मिट्टी बिलकुल अच्छी और उर्वर हो गई।"
समान आशयवाली पंक्ति चुनकर लिखें। 1

SAMAGRA PLUS

## ANSWER KEY
## HINDI

| | | |
|---|---|---|
| 1. | सही उत्तर लिखा है। | 1 |
| 2. | सही उत्तर लिखा है। (2 अंक), (आंशिक उत्तर लिखा है तो 1 अंक) | 2 |
| 3. | ग) वह + को = उसे | 1 |
| 4. | नटखट जड़ें पकड़कर झूल रहा है। | 1 |
| 5. | प्रसंग समझकर उचित शैली में बातचीत की पूर्ति की है। | 4 |
| | उपर्युक्त संकेत एक हद तक उपज में विद्‌यमान है। | 3 |
| | उपर्युक्त सूचक उपज में आंशिक रूप से है। | 2 |
| | बातचीत लिखने का प्रयास किया है। | 1 |
| 6. | कवि बहुत दिनों के बाद अपने गाँव में वापस आ रहे हैं। वे अपने गाँव की विशेषताओं का आस्वादन कर रहे हैं। | 2 |
| 7. | कोकिल कंठी तान का मतलब है सुरीली आवाज़ वाली तान। | 1 |
| 8. | आशय समझकर भूमिका, विश्लेषण, उपसंहार और शीर्षक के साथ उचित भाषा में टिप्पणी लिखी है। | 4 |
| | एक हद तक उपर्युक्त अंश टिप्पणी में है। | 3 |
| | उपर्युक्त संकेत आंशिक रूप से टिप्पणी में हैं। | 2 |
| | टिप्पणी लिखने का प्रयास किया है। | 1 |
| 9. | चंदनवर्णी। | 1 |
| 10. | क. ब्लर्ब या शस्ति किसी पुस्तक, या सिनेमा के प्रचार के लिए लिखे जानेवाले प्रेरक सारांश है। | 1 |
| | ख. रचना की तरह पाठक या दर्शक को आकर्षित करता है। | 1 |
| | ग. यह किताब या प्रचारण सामग्री के पिछले आवरण पृष्ठ पर छपा जाता है। | 1 |
| | घ. ब्लर्ब या शस्ति एक सृजनात्मक कार्य है। | 1 |

11. क्योंकित फरहाद अन्य जीव–जंतुओं के प्रति स्नेहपूर्ण व्यवहार करनेवाला है। 1

12. आशय समझकर वाक्य की सही पूर्ति की है। 2

वाक्य की पूर्ति आंशिक रूप से सही है। 1

13. मकड़ी, मक्खियाँ, मच्छर, चींटी, ततैया, चिड़ियाँ, गिलहरी, छिपकली, मेंढ़की 1

14. संक्षिप्त वाक्यों में आकर्षक रूप संविधान के साथ पोस्टर तैयार किया है। 1

पोस्टर के उपरोक्त संकेत एक हद तक विद्यमान हैं। 1

पोस्टर की आवश्यक विशेषतायें आंशिक रूप से हैं। 1

पोस्टर तैयार करने का प्रयास किया है। 1

15. कवि अपने घर में प्रकृति का स्वाभाविक वातावरण लाना चाहते हैं और बच्चों को फूलों की पहचान से वंचित नहीं होना चाहते हैं। 2

16. यहाँ मिट्टी से जूझने का मतलब है मिट्टी में मेहनत करना। 1

17. जूझना। 1

18. बच्चों का प्रकृति की स्वाभाविकता को बचाने के और उसके लिए कवि की प्रतिक्रिया की सम्मति देते हुए लिखना वाँछनीय मान सकते हैं।

19. बिलकुल सही लिखा है तो 4

तीन उत्तर सही है तो 3 अंक

दो उत्तर सही है तो 2 अंक

एक उत्तर सही है तो 1 अंक

20. मिट्टी मुसकराई। 1